वर्ष- 3 , अंक- 194
छपरा
19 जून शुक्रवार 2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म, तय तारीख से एक दिन पहले समझौता

### दोनों प्रेसिडेंट ने दस्तखत किए, ट्रम्प चिल्लाकर बोले- डील साइन

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े रूल्स पर साइन किए।

इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। ट्रम्प के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए।



समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया।

इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी। इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।

पिस्टोरियस ने कहा, 'इस समय हमारा एक माइंस्वीपर (सुरंग हटानेवाला जहाज) और एक सप्लाई जहाज स्वेज नहर पार कर लाल सागर की ओर बढ़ रहे हैं। 'उन्होंने बताया कि किसी भी माइंस को हटाने के अभियान में शामिल होने के लिए ईरान और ओमान की मंजूरी जरूरी होगी। साथ ही यह मिशन अमेरिका और ईरान के बीच आगे होने वाली बातचीत के नतीजों पर भी निर्भर करेगा।

**जर्मनी ने लाल सागर में दो जहाज भेजे, होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में मदद करेंगे...** जर्मनी ने होर्मुज स्ट्रेट में संभावित सैन्य मिशन की तैयारी के तहत दो जहाज लाल सागर की ओर भेजे हैं, जो बाद में होर्मुज में बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में मदद करेंगे। यह जानकारी जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने गुरुवार को दी।

---

21 लाख लेकर चली गईं शहीद शुभम की पत्नी

# पिता बोले- कोर्ट मैरिज की थी तो घर क्यों नहीं आई; अफसर से मिलकर हड़प लिए पैसे

**जहानाबाद,एजेंसी।** असम के जोरहाट में 13 जून को वायुसेना के विमान हादसे में जहानाबाद निवासी 25 साल लेफ्टिनेंट शुभम कुमार शहीद हो गए। उनकी शहादत के बाद परिवार में सरकार की ओर से मिली सहायता राशि को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

शहीद के पिता अमरेंद्र शर्मा का आरोप है कि शुभम की पत्नी श्रेया ने अधिकारी के साथ मिलीभगत कर 21 लाख का चेक हड़प लिया है। वो चेकर लेकर अपने घर चली गई।

बिहार सरकार की इस मदद की जानकारी शहीद के परिवार को नहीं दी गई। अगर श्रेया राय मेरे बेटे की पत्नी थी तो उसे अंतिम संस्कार से श्राद्ध तक परिवार के साथ रहना चाहिए था।



**अंतिम संस्कार वाले दिन श्रेया पैसे लेकर कैसे गई:** शहीद शुभम के पिता अमरेंद्र शर्मा बताते हैं कि शुभम के अंतिम संस्कार के दिन श्रेया मास्क लगाकर कर पहुंची थी। ना तो उसके चेहरे पर कोई शिकन थी और ना ही शुभम को खोने का कोई दर्द। वो अंतिम संस्कार के दौरान कौने में अपने पिता के साथ चुप चाप खड़ी थी।

**सीओ के साथ सेटिंग कर लिया 21 लाख चेक...** अमरेंद्र शर्मा बताते हैं कि जहानाबाद के हुलासगंज के सीओ (अंचल अधिकारी) अंतिम संस्कार वाले दिन ही श्रेया को चुपचाप बुलाकर 21 लाख रूपए का चेक दे दिया। इस चेक के बारे में सीओ ने ना तो मुझे कोई जानकारी दी ना ही मेरे परिवार को। यही नहीं श्रेया ने भी इसका जिक्र हमलोगों से नहीं किया।

---

## : ब्रीफ बॉक्स :

### राहुल गांधी को मप्र हाई कोर्ट से राहत नहीं, एमपी-एमएलए कोर्ट की ऑर्डर शीट तलब की



**जबलपुर,एजेंसी।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने भोपाल एमपी-एमएलए की आर्डर शीट तलब की है, इसके साथ ही राहुल गांधी की ओर से वकीलों ने रिकार्ड पेश करने के लिए समय मांगा, जिसे उच्च न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 23 जून को तय की है। यह मामला केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के पुत्र कार्तिकेय की ओर से मानहानि प्रकरण से जुड़ा है। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच से कार्तिकेय चौहान का नाम कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक मामले से जोड़कर टिप्पणी की थी।

### एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप मामले में मौलाना गिरफ्तार

#### नागपुर से म.प्र.ले जाकर काला जादू करने का आरोप ; निकाह के लिए दबाव बनाया

**नागपुर,एजेंसी।** नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून FIR में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया। फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है। आरोपी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया का रहने वाला है। मौलाना की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। दबाव बढ़ने पर बुधवार रात उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। मामले में 26 साल का अय्याज मदारे और उसका 30 साल का दोस्त आमीन शेख भी आरोपी हैं।

---

# दिन में 4 नीट स्टूडेंट ने सुसाइड किया

### गुजरात का छात्र छठी मंजिल से कूदा, तमिलनाडु की छात्रा ने लिखा- दोबारा परीक्षा से डर

**कोयंबटूर,एजेंसी।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा अनुकीर्तना ने बुधवार सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले छात्रा ने अपने चाचा और करीबी रिश्तेदारों को व्हाट्सऐप संदेश भेजे थे।

संदेश में उसने लिखा- 'मैंने नीट परीक्षा दी थी और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का इंतजार कर रही थी, लेकिन परीक्षा रद्द हो गई। अब दोबारा परीक्षा देने से डर लग रहा है। मेरे पापा ने मुझ पर बहुत पैसा खर्च किया है, मैं अब उनका सामना कैसे करूंगी, नहीं जानती।'

वहीं, अहमदाबाद के न्यू रानीप इलाके में बुधवार रात करीब 2:30 बजे 17 साल के छात्र ने आनंदम फ्लैट्स के ब्लॉक बी की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस जांच में पता चला कि छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था।



आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पिछले दो दिनों में नीट स्टूडेंट की आत्महत्या का यह चौथा मामला है। इससे पहले 16 जून को देहरादून में 23 साल की रिया थापा और लखनऊ में 17 साल की एक छात्रा ने सुसाइड किया था। 12 मई को नीट परीक्षा रद्द होने के बाद देश भर में अब तक लगभग 12 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। छात्रा का संदेश पढ़ने के बाद परिजन उसके घर पहुंचे। कमरे का दरवाजा तोड़ने पर वह बेहोश मिली। उसे तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**कोयंबटूर स्थित घर के कमरे में बेहोश मिली थी छात्रा...** अनुकीर्तना कोयंबटूर के कोवईपुदुर स्थित पार्क टाउन की रहने वाली थी। उसके पिता सेंथिल प्रभु सीटू से संबद्ध टास्मैक ट्रेड यूनियन के जिला सचिव हैं। दो बेटियों में अनुकीर्तना बड़ी थी। उसने एट्टिमडई के एक निजी स्कूल से 12वीं तक पढ़ाई की थी। डॉक्टर बनकर गरीबों की मदद करना उसका सपना था। हालांकि, पेपर लीक के कारण नीट परीक्षा रद्द होने और 21 जून को पुन: परीक्षा की घोषणा से वह गहरे सदमे में आ गई थी। बुधवार सुबह उसने रिश्तेदारों को एक लंबा व्हाट्सऐप संदेश भेजा।

---

# प्रियंका का आरोप: नीट स्टूडेंट्स से 1.32 लाख करोड़ वसूले

### » यह रकम शिक्षा बजट के लगभग बराबर, पसंदीदा कारोबारियों का 16 लाख करोड़ ऋण माफ



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्र और उनके परिवार से सिस्टम के जरिए1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के पूरे शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है।

प्रियंका गांधी ने बुधवार रात एक्स पोस्ट में ये भी लिखा- मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि भारत सरकार ने अपने पसंदीदा कारोबारियों के जो ऋण माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपए हैं। प्रियंका की यह टिप्पणी राहुल गांधी के कोटा दौरे के बाद आई। राहुल ने बुधवार को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत में शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते दबावों पर चर्चा की थी।

राहुल ने कहा- भारत की पांच बड़ी परीक्षाओं- नीट, जेईई, एसएससी, यूपीएससी और आरआरबी की तैयारी में छात्र और उनके परिवार हर साल 3.5 लाख करोड़ खर्च करते हैं।


---

# मानसून 8 जून से अटका, लगातार तीसरे साल लंबा ब्रेक

### ● एमपी-यूपी और राजस्थान में 22 जून के बाद एंट्री ● देश में सामान्य से 37.8प्रतिशत कम बारिश

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना,एजेंसी।** मानसून 8 जून से तेलंगाना के भद्राचलम में अटका हुआ है। यह यूपी में 18 से 20 जून, मध्य प्रदेश में 15-16 जून और राजस्थान में 20 जून तक पहुंच जाता था, लेकिन इस बार इन सभी राज्यों में 22 जून के बाद ही एंट्री लेगा। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

लगातार तीसरे साल जून में मानसून ने लंबा ब्रेक लिया है। हालांकि, 2024 और 2025 में मानसून के शुरुआती ब्रेक के बावजूद सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई थी। लेकिन इस साल 17 जून तक देश में सामान्य से 37.8% कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में मानसून आगे बढ़ सकता है। ऐसे में मानसून में कुल 13 से 15 दिन का ब्रेक हो सकता है।



**अल नीनो के हालात भी बन रहे...** अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (NOA) ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है। यह सामान्य रूप से जून के मध्य तक उत्तर की ओर बढ़कर भारत में नमी खींचता है।

---

# इंदौर से जोधपुर जा रही रणथंभौर एक्सप्रेस से निकला धुआं

### रतलाम में यात्री दूसरे ट्रैक पर कूदे, 10 मिनट बाद दूसरी ट्रेन आई; ऐसे में मुरैना में 4 मौतें हुई थीं

**रतलाम,एजेंसी।** रतलाम जिले के आलोट स्थित लूणी-रीछा स्टेशन के पास गुरुवार (18 जून) सुबह पौने 10 बजे के आसपास रणथंभौर एक्सप्रेस के जनरल कोच के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा। ट्रेन इंदौर से जोधपुर जा रही थी।

स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही आग लगने की आशंका से यात्री दहशत में आ गए और सामान लेकर पटरियों पर कूद पड़े। घटना का वीडियो भी सामने आया है। रेलवे कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर से स्थिति पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, लूणी-रीछा स्टेशन पर रणथंभौर एक्सप्रेस का आधिकारिक स्टॉपेज नहीं है। अचानक सिग्नल रेड होने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। इस दौरान एक पहिए के हार्ड एक्सल पर ब्रेक शू जाम होकर चिपक गए, जिससे घर्षण होने लगा और धुआं निकलने लगा। ट्रेन करीब 20 मिनट यहीं खड़ी रही।



---

हिमाचल में खाई में गिरी बोलेरो गाड़ी, 7 की मौत

# मृतकों में एक ही परिवार के 6 लोग शामिल मुंडन संस्कार से लौटते वक्त हादसा

**भरमौर, चंबा,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें मेहल गांव के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं, जबकि सातवां मृतक ड्राइवर था। पुलिस ने सभी के शवों को खाई से निकाल कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना के अनुसार, गाड़ी में सवार सभी लोग काकड़ोथा गांव से मुंडन संस्कार में शामिल होकर बुधवार रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान इनकी बोलेरो ॥क्क 01ष्ट-2581 नंबर गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि सड़क से गाड़ी लगभग 1200 फीट नीचे गिरी। इससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

**हादसे में इन लोगों की मौत:** इस हादसे में मेहल गांव के चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, मोती राम (45) पुत्र परस राम, अनिता कुमारी (20) पुत्री धर्मसिंह, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह और धरो गांव के मनोहर लाल (34) की मौत हो गई। दो सगे भाई और पति-पत्नी भी शामिल है।





**आधी रात हुआ हादसा, पुलिस को सुबह मिली सूचना...** आधी रात में हादसे की वजह से किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह के वक्त पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी। मगर तब तक सभी लोगों की मौत हो चुकी थी।

**ह्यूमन चेन बनाकर खाई से शव निकाले...** पुलिस ने आज सुबह घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से खाई से शवों को सड़क तक पहुंचाया। इसके लिए लोगों ने ह्यूमन चेन बनाकर सभी शव सड़क तक लाए। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज गया। कुछ देर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

---

# यूएई-सिंगापुर पहली पसंद; अमेरिकी सबसे ज्यादा माइग्रेट हो रहे, वेल्थ हब में भारत का स्कोर 56.5

**मुंबई,एजेंसी।** हेनली प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2026 के मुताबिक, इस साल रिकॉर्ड 1.65 लाख करोड़पति अपना देश छोड़कर दूसरे देशों का रुख करने (माइग्रेट) वाले हैं। पिछले साल करीब 1.42 लाख करोड़पतियों ने देश छोड़ा था।

2024 में यह आंकड़ा 1.34 लाख, जबकि 2013 में 51 हजार था। अमीर परिवार अब सिर्फ टैक्स छूट नहीं, बल्कि स्थिरता, सुरक्षा और बेहतर निवेश के लिए भी दूसरे देश जा रहे हैं। यूएई 85.3 स्कोर के साथ सबसे पसंदीदा 'वेल्थ हब' है। भारत का स्कोर 56.5 है।

**अमेरिका: सबसे ज्यादा अमीर परिवार देश छोड़ने को तैयार:** अमेरिका का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर सिर्फ 62.3 है। यहां से सबसे ज्यादा लोग अन्य देशों की नागरिकता मांगते हैं। 2025 में ऐसे आवेदन दोगुने हुए और यह रफ्तार 2026 में भी बनी रही। सिर्फ 7% आवेदन विदेश में बसे अमेरिकियों से आए, बाकी देश में रह रहे अमीरों से। इनमें से आधे यूरोप के लिए और एक चौथाई से ज्यादा लैटिन अमेरिका-कैरिबियन के लिए हैं।




**ब्रिटेन: बढ़ रहा पलायन, ये 5वां सबसे बड़ा सोर्स मार्केट...** 2024-25 में ब्रिटेन के पते से आवेदन 15% बढ़े। 2026 में वहां से 53% आवेदन विदेशी नागरिकों के, यानी ब्रिटिश नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग आधी रही। 2018 में यह हिस्सेदारी सिर्फ 8% थी। 2018 में ब्रिटेन 20वां सबसे बड़ा सोर्स मार्केट था। अब टॉप 5 में है।

**भारत: दूसरी नागरिकता एस्टेट प्लानिंग का हिस्सा...** भारत का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर स्कोर 56.5 है। यह ढांचागत चुनौतियों वाली श्रेणी में आता है। इसकी सबसे बड़ी वजह पूंजी पर चुनिंदा लोगों का नियंत्रण और टैक्स को लेकर जटिल नियम हैं।

---

# रांची आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची,एजेंसी।** रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए दोनों आरोपियों को एसआईटी ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से भागने की कोशिश कर रहे थे। पहले उन्हें कोडरमा जंक्शन पर चिन्हित किया गया, लेकिन तब तक ट्रेन खुल चुकी थी। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए गया जिले के रफीगंज स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर दोनों को उतारा और हिरासत में लिया। फिलहाल पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे मामले में नए खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।



**देर रात पेट्रोल बम से हमला, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात:** यह पूरी घटना मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, दो युवक कार से कार्यालय के पास पहुंचे और कुछ दूरी पर वाहन खड़ा कर दिया। इसके बाद वे पैदल कार्यालय परिसर तक आए और पेट्रोल से भरी कांच की बोतलों में आग लगाकर उन्हें अंदर फेंक दिया। पहली बोतल रात 12:38 बजे फेंकी गई, जबकि करीब एक मिनट बाद दूसरी बोतल भी फेंकी गई। एक बोतल छत पर गिरकर टूट गई, जिससे पेट्रोल फैल गया और आग की लपटें उठीं, लेकिन आसपास ज्वलनशील सामग्री नहीं होने के कारण आग खुद ही बुझ गई। दूसरी बोतल प्रवेश द्वार के पास गिरी, लेकिन उसमें आग नहीं लगी। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही आरएसएस कार्यकर्ता और भाजपा नेता मौके पर पहुंच गए, वहीं पुलिस-प्रशासन भी सक्रिय हो गया।

## प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय ई-किसान भवन में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ महोत्सव-2026 सह प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रखंड आत्मा अध्यक्ष दीपक राज व अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बताया गया कि खरीफ मौसम की शुरुआत से पहले किसानों को जागरूक करना और उन्हें कृषि की उन्नत तकनीकों के प्रति प्रशिक्षित करना था। महोत्सव के दौरान किसानों के लिए बीज बिक्री का भी शुभारंभ किया गया। शिविर में जानकारी दी गई कि किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित अनुदानित दर पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले धान, मक्का, अरहर, मडुआ और हाइब्रिड धान के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि किसान उनका समय पर लाभ उठा सकें। साथ कृषको को उन्नत खेती के संबद्ध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार, बीटीएम मनीष तिवारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सोनू कुमार, कृषि समन्वयक रजनीकांत सिंह और राम विशाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा कृषि सलाहकार अखिलेश कुमार राम, सुनील सिंह, विनय कुमार, परमेश्वर राम, ओमप्रकाश साह, सुमन तिवारी, सुनील कुमार, राजू कुमार, राजीव कुमार तथा प्रखंड बीज विक्रेता चंदन कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।

## सोनपुर पुरानी गंडक पुल से स्नान के दौरान एक बच्ची डूबी, एसडीआरएफ के टीम खोजबीन में जुटी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुरानी गंडक पुल के पास एक 17 वर्षीय बच्ची जो गंडक नदी में बुधवार के शाम स्नान करने के क्रम में डूब गयी ।इस घटना के जनकारी मिलते ही हरिहरनाथ पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की. जहाँ डूबी हुई बच्ची के खोजबीन करने में मछुआरों व नाविको के सहयोग लिया गया लेकिन उसकी कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना की जानकारी देते हुए थानाअध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस घटना के जनकारी एसडीआरएफ की टीम व सीओ सोनपुर को सूचित करते हुए स्थानीय नाविकों की मदद से खोजने का प्रयास किया गया परंतु उक्त बच्ची जीवित अथवा मृत अवस्था में नहीं मिल सकी। वही गुरुवार के दिन सोनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ीचक (प्रवेजा वाद) वार्ड नंबर 3 के अकबर अली के पुत्री जूही कुमारी उम्र 17 वर्ष के रूप में डूबी हुई बच्ची के पहचान हुई। स्व अकबर अली के एक मात्र पुत्री थी जबकि एक लड़का है।घर के सदस्य खोजबीन करते हुए रोते-विलखते भारत वंदना घाट पर पहुंची जहां काफी खोजबीन की वहीं इस घटना की जानकारी एसडीआरएफ की टीम के मिलते ही घटना स्थल पर गुरुवार के 9 बजे पहुंचकर डूबे हुए बच्ची के खोजबीन करने में जुट गई है.। घटनास्थल पर सोनपुर राजस्व अधिकारी संजीव कुमार ने पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसडीआर की टीम द्वारा खोजबीन जारी है।वही दूसरी ओर घटनास्थल पर सोनपुर नगर पार्षद 2 टोनी कुमार,वार्ड वार्ड पार्षद 4 कन्हैया कुमार एवं वार्ड पार्षद 3 प्रतिनिधि अरुण सिंह, राजद नेता मेमुदिन ने डूबे हुए बच्ची के परिजनों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की माँग की.जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग किया कि सोनपुर गंडक नदी में आए दिन डूबने की घटनाएं घटित होती रहती है लेकिन एसडीआर एफ के टीम की तैनाती नहीं रहने के कारण डूबे हुए व्यक्ति के खोजबीन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एचडीआरएफ की टीम जो सारण जिले के मढ़ौरा में कार्यालय होने के कारण उन लोगों को इस स्थल पर पहुँचने में काफी देर होती है ऐसे में एसडीआरएफ की टीम सोनपुर में भी तैनाती की जाए जिससे स -समय डूबे हुए व्यक्ति की खोजबीन किया जा सके।

## हर घर नल का जल योजना में भूमिदाता अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान का रास्ता साफ

**दैनिक खोज खबर /सोनपुर।** बिहार में 'हर घर नल का जल' योजना के तहत कार्यरत भूमिदाता अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उक्त बात के जनकारी देते हुए सोनपुर पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार ने गुरुवार के बताये कि विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 3 जून 2026 को आयोजित बैठक में पंचायत राज विभाग द्वारा निर्मित योजनाओं में अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान संबंधी कई अहम निर्देश जारी किए गए।बैठक में बताया गया कि वर्तमान में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा राज्यभर में 1,20,238 जलापूर्ति योजनाएं संचालित हैं, जिनमें से 70,157 योजनाएं पंचायत राज विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। इन योजनाओं के अनुरक्षकों का मानदेय एवं विद्युत बिल भुगतान पंचायत राज विभाग द्वारा किया जाता है।बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि कई स्थानों पर भूमि राज्यपाल के नाम से विधिवत निबंधित नहीं होने के कारण अनुरक्षकों का मानदेय भुगतान लंबित रहता है। इससे जलापूर्ति योजनाओं के संचालन पर असर पड़ता है और ग्रामीणों को पेयजल संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इस समस्या के समाधान के लिए निर्णय लिया गया कि यदि किसी रैयत ने जलापूर्ति योजना हेतु अपनी भूमि उपलब्ध कराई है, तो उसके अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

**निर्देशों के अनुसार:** 1. अनुरक्षकों का मानदेय अब वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के माध्यम से नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सीधे संबंधित अनुरक्षक के बैंक खाते में मासिक भुगतान के रूप में किया जाएगा। 2. जिन भूमिदाताओं ने अपनी जमीन राज्यपाल के नाम से निबंधित नहीं कराई है, उन्हें पंचायत सचिव के साथ 1000 रुपये के स्टांप पेपर पर एकरारनामा करना होगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी तथा अनुरक्षक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि स्टांप शुल्क एवं नोटरी का खर्च ग्राम पंचायत अपनी आकस्मिक निधि से वहन करेगी। एकरारनामा पूरा होने के बाद लंबित तथा नियमित मानदेय का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे अनुरक्षक के खाते में किया जाएगा।इस निर्णय से राज्यभर में हर घर नल का जल योजना के सुचारु संचालन को मजबूती मिलने की उम्मीद है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और बेहतर होगी।

# पिपराकलां (बलिया) में हल्दीघाटी युद्ध का 450वां स्मरण-दिवस मनाया गया



**विवेकानंद सिंह/बलिया (उ.प्र.)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच, बलिया और अन्नू बाबा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पिपराकलां स्थित 'प्रभा मंडपम्' सभागार में हल्दीघाटी युद्ध के 450वें स्मरण-दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच के जिलाध्यक्ष कैप्टन सोहन सिंह ने बताया कि आज से ठीक 450 वर्ष पूर्व, 18 जून 1576 को हल्दीघाटी के मैदान में महाराणा प्रताप और मुगल सेना के बीच ऐतिहासिक युद्ध हुआ था। उन्होंने कहा कि मात्र 4-5 घंटे चले इस युद्ध में महाराणा प्रताप ने अकबर की विस्तारवादी नीति के खिलाफ अद्भुत शौर्य और स्वाभिमान का परिचय दिया। 'अकबरनामा' के हवाले से उन्होंने बताया कि युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना मुगलों पर भारी पड़ी थी। इसके साथ ही उन्होंने झाला मानसिंह (झाला मन्ना) के बलिदान और चेतक घोड़े की स्वामिभक्ति को भी याद किया। कैप्टन सिंह ने आगे बताया कि हल्दीघाटी युद्ध के 6 वर्ष बाद, 26 अक्टूबर 1582 को दिवेर के युद्ध में महाराणा प्रताप के पुत्र कुंवर अमर सिंह के नेतृत्व में राजपूत सेना ने मुगलों को करारी शिकस्त दी थी। इस युद्ध में लगभग 36,000 मुगल सैनिकों को गिरफ्तार किया गया और मेवाड़ के 36 मुगल थानों को मुक्त करा लिया गया, जिससे चित्तौड़, अजमेर और मांडलगढ़ को छोड़कर पूरा पश्चिमी मेवाड़ दोबारा स्वतंत्र हो गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच, आजमगढ़ के प्रभारी ब्रजेश सिंह बघेल ने फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति या धर्म के नहीं बल्कि पूरे देश के गौरव हैं, इसलिए उन पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वहीं, अन्नू बाबा फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का वास्तविक और भ्रमरहित इतिहास जानना चाहती है, जिसे उन तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोतीलाल सिंह ने की और मुख्य अतिथि के रूप में भरत कुमार सिंह मौजूद रहे।

मंच का संचालन डॉ. अंजनी कुमार सिंह ने किया। इस विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में कैप्टन सोहन सिंह, बबलू सिंह, अंजनी सिंह और भरत कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में श्रवण कुमार सिंह, चंदन सिंह, धीरज कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, मनीष कुमार, हरिधन नियोगी, उज्जवल सिंह, मुन्ना सिंह और श्रृंगी कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मढ़ौरा लोकोमोटिव फैक्ट्री का निरीक्षण करेंगे रेल मंत्री और मुख्यमंत्री




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के आग्रह पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार, 19 जून को मढ़ौरा स्थित डीजल लोकोमोटिव फैक्ट्री का विशेष निरीक्षण करेंगे.इस हाई-प्रोफाइल दौरे का मुख्य उद्देश्य कारखाने के औद्योगिक विस्तार और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों के सृजन पर विस्तृत चर्चा करना है.सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्री और मुख्यमंत्री पटना पहुंचने के बाद एक विशेष ट्रेन द्वारा सोनपुर होते हुए छपरा पहुंचेंगे. इसके बाद दोनों नेता मढ़ौरा स्थित फैक्ट्री का रुख करेंगे और वहां चल रही गतिविधियों तथा भविष्य की विकासात्मक संभावनाओं की समीक्षा करेंगे.उल्लेखनीय है कि मढ़ौरा की यह लोकोमोटिव फैक्ट्री भारतीय रेलवे और विश्व प्रसिद्ध प्रौद्योगिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक की संयुक्त साझेदारी से स्थापित देश की सबसे आधुनिक रेल इंजन निर्माण इकाइयों में से एक है।

लगभग 200 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैले इस कारखाने में उच्च क्षमता वाले आधुनिक रेल इंजनों का निर्माण किया जाता है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत इस फैक्ट्री ने वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है. पिछले वर्ष 20 जून, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी फैक्ट्री में निर्मित पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्यात इंजन को हरी झंडी दिखाकर अफ्रीकी देश गिनी के लिए रवाना किया था.इस विशेष निरीक्षण से सारण क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को और मजबूती मिलने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जनता की बुनियादी जरूरतों को लंबे समय से किया जा रहा है नजरअंदाज- राजद एमएलसी सुनील सिंह



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा के शिवगंज स्थित तेजपुरवा मुखिया के आवासीय परिसर में बुधवार देर शाम सहकारिता नेता स्वर्गीय वकील प्रसाद यादव की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहकारिता, पैक्स और पंचायत से जुड़े तमाम जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधान पार्षद व पूर्व बिस्कोमान अध्यक्ष सुनील सिंह ने शासन और प्रशासन की कमियों को उजागर किया।उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क और स्थानीय नीतियों में प्रशासनिक ढिलाई के कारण आम जनता परेशान है।

जनता की बुनियादी जरूरतों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। व्यवस्था में सुधार न होने पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। प्रेस वार्ता में सुनील सिंह ने बिहार की शराबबंदी नीति पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में केवल कहने के लिए शराबबंदी है, जबकि धरातल पर शराब का बहुत बड़ा अवैध कारोबार चल रहा है।

पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था पर नजर रखने के बजाय शराबबंदी को लेकर अधिक व्यस्त है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार में शराब भगवान जैसी हो गई है, जो दिखती कहीं नहीं है लेकिन बिकती सब जगह है। एमएलसी ने कड़े तेवर में कहा कि वे जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं और प्रशासन को अपनी नींद से जागना होगा। उन्होंने अपनी भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि वे जल्द ही इन मुद्दों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ शासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। यदि प्रशासन ने इस पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सोनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में सहयोग व जनकल्याण शिविर में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

**दैनिक खोज खबर*सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर दूधैला में आयोजित सहयोग शिविर एवं जनकल्याण शिविर के तिसरे दिन जैसे ही ग्रामीण लोगो के प्रखंड मुख्यालय में शिविर की जनकारी मिली वैसे ही लोग अपनी -अपनी समस्याओं के लेकर गुरुवार क़ो प्रखंड मुख्यालय पहुँच गया. जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर के माध्यम से व्यापक पहल की गई। लगाएं गए स्टॉल पर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था। इस दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा,नलजल,खाद्य आपूर्ति समेत अन्य विभागों के काउंटरों पर लोगों की भीड़ देखी गई। जहां अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने आवेदन सौंपे। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर में मौजूद सभी विभागों के कर्मियों ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान करने का भरोसा दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरोमा मोदी, पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार, आरओ संजीव कुमार ने स्वयं शिविर का निरीक्षण करते नजर आए।

## मढ़ौरा प्रखंड सभागार में आयोजित तीन दिवसीय जन सहयोग शिविर संपन्न

### झलकी सरकारी उदासीनता, बेहद सीमित संख्या में पहुंचे फरियादी




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय प्रखंड परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन सहयोग शिविर का समापन गुरुवार को हो गया। आम जनता की समस्याओं के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से शुरू किए गए इस शिविर के आखिरी दिन साफ साफ सरकारी उदासीनता झलकी, वही बेहद सीमित संख्या में फरियादी पहुंचे।प्रशासनिक दावों और अधिकारियों की घोर उदासीनता के बीच भीषण गर्मी में दूर-दराज के गांवों से पहुंचे फरियादियों की संख्या बेहद सीमित रही। शिविर पूरी तरह से निम्न वर्गीय कर्मियों के भरोसे संचालित होता दिखा। दोपहर तक कई महत्वपूर्ण विभागों के काउंटर खाली पड़े रहे और तैनात कर्मचारी मोबाइल चलाने में व्यस्त दिखे। पूछताछ करने पर पता चला कि अंतिम दिन पेंशन के मात्र 7 और मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के केवल 2 आवेदन प्राप्त हुए।

जबकि शिविर के पहले दिन जिलाधिकारी के आगमन की संभावना को लेकर अधिकारी मुस्तैद थे, जहां 20 आवेदन मिलने और 5 के निष्पादन का दावा किया गया था। लेकिन दूसरे और तीसरे दिन वरीय अधिकारियों ने शिविर से दूरी बना ली। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद प्रशासन द्वारा पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और कर्मचारी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते नजर आए।

राहत न मिलने से कई फरियादी बिना काम कराए ही वापस लौट गए। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति में महज खानापूर्ति कर शिविर को संपन्न घोषित कर दिया गया। इसको लेकर पूछे जाने पर एक जिम्मेदार अधिकारी ने व्यस्तता बता कार टाल मटोल कर बातों से पाला झाड़ लिए।

## 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा करे केंद्र सरकार : डॉ चंदेल



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सारण जिला इकाई के द्वारा जिला पदाधिकारी, सारण के माध्यम से भारत सरकार के प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा करना तथा उन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग करना था।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार एवं जिला महामंत्री चंदन कुमार उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश सचिव डॉ. विश्वजीत सिंह चंदेल ने कहा कि देशभर में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त लाखों शिक्षक वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं।डॉ. चंदेल ने कहा कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना के बाद बनाए गए नियमों को पूर्व प्रभाव से 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय, समानता और विधिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उस समय जिन नियमों एवं पात्रता मानकों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, वे नियुक्तियां पूरी तरह वैध थीं। बाद में लागू किए गए नए मानदंडों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं भविष्य के साथ अन्याय है।उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद देशभर के लाखों शिक्षकों में असमंजस एवं चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। केंद्र सरकार को इस विषय में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए तथा आवश्यक विधायी, नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम उठाकर 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए तथा उनकी सेवा, वरीयता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।डॉ. विश्वजीत सिंह चंदेल ने कहा कि 'शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि इस विषय पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो यह पूरे शिक्षा तंत्र को प्रभावित करेगा। 'महासंघ ने स्पष्ट किया कि देशभर के शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार है और सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा करता है।



# जैविक खेती जिला कार्यशाला का हुआ डुमरी बुजुर्ग में आयोजन

## जैविक खेती अपनाने से बढ़ेगी आय, सुरक्षित होगा पर्यावरण- विधायक विनय सिंह



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के डुमरी बुजुर्ग पंचायत के कालरात्री मंदिर के प्रांगण में गुरुवार के जैविक खेती जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमे विनय कुमार सिंह सोनपुर विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे भूमि की उर्वरता बरकरार रहती है, उत्पादन लागत कम होती है तथा किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर जैविक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा से जुरे कृषि वैज्ञानिक ने उपस्थित किसानो को जैविक खेती करने के तरिके और उनसे लाभ के विषय में जनकारी दिया गया साथ ही कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आय कैसे बढ़ा सकते हैं और खेती को अधिक लाभकारी कैसे बना सकते हैं और अपनी भूमि क़ो मजबूत करने और आय दुगनी कैसे हों इसकी भी जनकारी सैकड़ो किसानो क़ो दी गयी। साथ ही किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के बिषय में जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के गुर बताएंगे, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने तथा बेहतर उत्पादन के उपायों की जानकारी विशेषज्ञों ने दी।कार्यक्रम के दौरान किसानों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया और उनके जबाब भी दिए गए। इसके अलावे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर किसानों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता राजीव सिंह , आत्मा के जनार्दन सिंह, उदय सिंह,मुकेश सिंह , आदित्य छोटु , किसान सलहकार शशि भूषण सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पैक्स अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा किसान भाइयों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## मशरक में दूसरे दिन सहयोग सह जन कल्याण शिविर में उमड़ी भीड़



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को दूसरे दिन सहयोग सह जन कल्याण शिविर में भारी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ी। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।

## धनी छपरा गांव के समीप पशु लदे एक पिकअप को पीछा कर गौ रक्षा दल के सदस्यों ने पकड़ लिया

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी छपरा मुख्य मार्ग पर धनी छपरा गांव के समीप गुरुवार की सुबह पशु लदे एक पिकअप को बलिया से कार से पीछा करते पहुंचे बलिया गौ रक्षा दल के सदस्यों ने पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मांझी थाना पुलिस ने गोवंश लदी पिकअप समेत सभी सात पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया। इससे पहले गोवंश लदी पिकअप को सीमावर्ती बलिया से पीछा करते पहुंचे तीन लोगों ने एक तस्कर को पकड़ लिया जबकि दो तस्कर मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए तस्कर की मौजूद लोगों ने जमकर पिटाई कर दी जिससे वह जख्मी हो गया। इधर मौके पर मांझी थाना पुलिस के पहुंचते ही खुद को गौ रक्षा दल के सदस्य बताने वाले लोगों ने जख्मी तस्कर को अपनी कार में लेकर फरार हो गए। जख्मी तस्कर को लेकर फरार होने वाले लोग वास्तव में गौ रक्षा दल के ही सदस्य थे अथवा तस्कर, पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को इस बात का संदेह है कि खुद को गौ रक्षक दल का सदस्य बताने वाले लोग कहीं दूसरे गिरोह से जुड़े तस्कर ही तो नही हैं। हालांकि पुलिस की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस मामले का खुलासा हो सकेगा।

## शराब के नशे में दो युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण )।** थाना पुलिस ने गश्ती अभियान के दौरान शराब के नशे में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब सेवन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया।गिरफ्तार युवकों की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के दुरगौली गांव निवासी कुंदन कुमार उर्फ आयुष तथा पानापुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी हरिकिशोर राय के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा और जांच के दौरान शराब सेवन की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में ले लिया।थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मद्यनिषेध कानून के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों गिरफ्तार युवकों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बाइक सवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचला, एक की मौत, दूसरा घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बसोही गांव में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल डाला, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान दुमदुमा गांव निवासी जुमादिन का 22 वर्षीय पुत्र आफिस हुसैन और घायल नूरहसन का 45 वर्षीय पुत्र अनुलहक हुसैन हैं। ड्यूटी पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ ललिता कुमारी ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं एमबीएस चिकित्सक के नहीं रहने पर परिजन भड़क गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बाइक सवार दोनों युवक अपने रिश्तेदारी से घर आ रहें थे कि बनसोही गांव में मिट्टी गिरा रहे ट्रैक्टर ने कुचल डाला, जिसमें एक की मौत हो गई, एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा अविवाहित हैं। आक्रोशित परिजनों ने बताया कि इस अस्पताल का यहीं हाल है जब आइए तों पता चलता है कि एमबीबीएस चिकित्सक गायब हैं। मौके पर घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह ने परिजनों से मुलाकात की, परिजनों की शिकायत पर डीएम वैभव श्रीवास्तव से फोन कर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल की व्यवस्था लंबे समय से बदहाल है, बराबर चिकित्सक फरार रहते हैं। पूर्व विधायक ने डीएम से बदहाल अस्पताल की सेवा में सुधार की मांग की।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदपुरा ग्रामीण मार्ग पर बुधवार की दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से टक्कर होने के कारण दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इसुआपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। घायलों की पहचान चांदपुरा गांव निवासी लूकमान अली एवं बीरेंद्र राय के रूप में हुई है।

## प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में 97 आवेदन प्राप्त, विभागों को भेजे गए ऑनलाइन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारन)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, बिजली, नल-जल, राजस्व तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

## सड़क हादसा में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** छपरा-सिवान मुख्य मार्ग (एनएच-531) पर बेलदारी के समीप 9 दिन पूर्व पिकअप पलटने की घटना में घायल एक और महिला मजदूर की गरखा क्षेत्र के भैंसमारा स्थित श्रीनिवास हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई। मृतका रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठी बिनटोलिया गांव निवासी स्व. रामसागर बीन की पत्नी 60 वर्षीय लालसा देवी बतायी जाती है। परिजन शव को लेकर दाउदपुर थाना पहुंचे। उसके बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि मृतका के तीन पुत्र व दो पुत्रियां हैं। एक पुत्र व एक पुत्री की शादी अभी नही हुई है। लालसा देवी की मौत की खबर से उनके परिवार मातम छा गया है। इससे पहले उक्त दुर्घटना में घायल चपरैठी गांव निवासी विजय बीन की पत्नी कलपती देवी के अलावें बेबी देवी की मौत पटना में इलाज के दौरान 13 जून को हो गई थी। बता दें कि विगत 9 जून की अहले सुबह दाउदपुर थाना क्षेत्र के बेलदारी लाइन होटल के समीप मक्का लदी एक पिकअप का पिछला चक्का अचानक फट जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के बीच पलट गई। हादसे में पिकअप पर सवार 13 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को पहले एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल महिलाओं को छपरा सदर अस्पताल और बाद में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था।बताया जाता है कि सभी महिला मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में दिघवारा के दुधेपर गांव में मजदूरी करने गई थीं और काम समाप्त होने के बाद पिकअप से अपने गांव लौट रही थीं। हादसे के बाद लगातार इलाज चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## बिहार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर का छपरा में भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार सरकार के माननीय उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर के छपरा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री जी भाजपा द्वारा आयोजित बुद्धिजीवी संवाद कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, इसी दौरान सीतलपुर पट्टीपुल पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र, बुके और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मंत्री जी का सरल व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। संगठन से जुड़े होने के कारण वे कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान का हमेशा ध्यान रखते हैं। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री जी के सफल और जनकल्याणकारी कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, पूर्व मुखिया हरि सहनी, पवन सिंह, मुकेश सिंह बिहारी सहित अनेक स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मशरक थाना के नए थानाध्यक्ष बने उज्जवल कुमार, पदभार संभाला



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में उज्जवल कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है।पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

साथ ही पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। नवपदस्थापित थानाध्यक्ष उज्जवल कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों का त्वरित निष्पादन तथा लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा रहेगा। उन्होंने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बताया जाता है कि इससे पूर्व उज्जवल कुमार छपरा क्राइम ब्रांच में पदस्थापित थे, जहां उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों के अनुसंधान एवं अपराध नियंत्रण में अपनी भूमिका निभाई थी।

उनके पदभार ग्रहण करने पर स्थानीय लोगों एवं पुलिस कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताई।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का भव्य आयोजन, जन-प्रतिनिधियों ने गिनाई विकास योजनाओं की उपलब्धियां




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** प्रखंड के हरपुर शिवालय स्थित जिला कार्यालय में 'भारत संकल्प सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना रहा।अपने संबोधन में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि पिछले वर्षों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, बिजली और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने का आधार है।उन्होने विकसित भारत के संकल्प के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए आम लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम मे बोलते हुए पथनिर्माण मंत्री ई शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में राज्य और केंद्र सरकार की समन्वित भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने बताया कि देश के तेजी से विकास मे केन्द्र सरकार द्वारा तैयार किए गए सुदृढ आधार भूत संरचना की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने विकास, सुशासन तथा जनभागीदारी को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।कार्यक्रम मे बोलते हुए एमएलसी ई. सच्चिदानंद राय और विधायक केदार सिंह ने जनता से सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की तथा विकास कार्यों में जनसहभागिता को आवश्यक बताया। वही युवा नेता व भाजपा राज्य परिषद् सदस्य प्रमोद सिग्रीवाल ने कहा कि जब एनडीए की सरकार बनी तो जलालपुर मे आई टी बी पी की स्थापना हुई तथा यहाँ बहाली की प्रक्रिया भी शुरु हुईवहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा सारण पश्चिमी के जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में विधायक जनक सिंह, जदयूनेता व जेपी सेनानी ललनदेव तिवारी,जिला उपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी जिला मंत्री ढुनमुन सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, जिला मंत्री रामाशंकर मिश्रा शांडिल्य विनोद मिश्रा सहित क ई अन्य भी थे।

## पैर फिसलने से आठ वर्षीय बालक नदी के गहरा पानी में डूबा

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत स्थित रामघाट पर गुरुवार की सुबह अपने परिजनों के साथ सरयु नदी में नहाने पहुंचा एक आठ वर्षीय बालक पैर फिसलने के बाद गहरे पानी में डूब गया। बालक के डूबने की सूचना पाकर घाट पर अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया तथा परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहां का वातावरण गमगीन हो गया। नदी में डूबा बालक मांझी थाना क्षेत्र के सोनबरसा मठिया गांव निवासी सुशील कुमार गिरी का पुत्र आठ वर्षीय सूर्य कुमार गिरी उर्फ शेरू बताया जाता है। वह दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने अपनी देखरेख में बालक के शव की खोजबीन शुरू कर दी। डायल 112 पर तैनात एएसआई मो शमीम खान बालक को ढूंढने खुद नदी में कूद पड़े। हालांकि काफी खोजबीन के बाद भी शव बरामद नही किया जा सका। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ सौरभ अभिषेक ने भी गोताखोरों की सहायता से शव ढूंढने के प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिलने पर मढ़ौरा से एस डी आर एफ की टीम को बुलाया गया। खबर भेजे जाने तक टीम द्वारा शव की खोजबीन की जा रही थी। परिजनों से मिली सूचना के मुताबिक लगभग एक दर्जन घर के लोगों के साथ सरयु में नहाने तथा जल लेने के उद्देश्य से रामघाट पर आया था। परिजनों के साथ नहाते समय पैर फिसलने की वजह से बालक अचानक गहरे पानी में चला गया तथा परिजनों की आंखों के सामने ही डूब गया। गांव से आये लोगों ने बताया कि मृतक के यहां 24 जून को अखण्ड अष्टयाम तथा गृह प्रवेश की तिथि निर्धारित थी। उसी के सिलसिले में घर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ था।

## सोनपुर में बाइक सवार युवक के गोली मार किया घायल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर निर्माणधीन भारत माला गोलंबर के पास एक मोटरसाइकिल सवार युवक को दो बाइक से सवार कुल 4 बदमासो ने गोली मार कर उसे घायल कर दिया। घायल व्यक्ति के बाएं हाथ में गोली लगी है। जहां घायल अवस्था में उसे अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर गुरुवार के ले गया. जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर रेफर कर दिया है. वहीं घायल युवक की पहचान पहलेजा थाना क्षेत्र के नौडीहा सैदपुर के स्वर्गीय रणधीर सिंह के पुत्र कृष्ण मुरारी भारद्वाज के रूप में हुई है। इस घटना के जानकारी जैसे ही घर के परिजनों को मिली वैसे ही घर के सदस्य अनुमंडल अस्पताल पहुंच गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सोनपुर पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मामले की तहकीकात करते हुए घायल व्यक्ति से पूरी घटना की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घायल कृष्ण मुरारी भारद्वाज ने बताया कि वह घर से मोटरसाइकिल से ओभर ब्रिज होते हुए सोनपुर आ रहा था इसी बीच भारत माला गोलंबर के पास दो बाइक से 4 बदमाशों में से एक ने उस पर गोली चला दी. उसने बचाव के लिए जैसे ही हाथ को आगे बढ़ाया उसके बाएं हाथ में गोली लग गई है। इस घटना में बदमाशों ने मोटरसाइकिल सवार के ऊपर क्यों गोली चलाई इसकी पूर्ण जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।



# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को लेकर हुआ आयोजन



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चांप स्थित जिला कार्यालय पर गुरुवार को 12 वर्ष की सफलता को लेकर आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक गरीबी हटाओ का नारा देने वाली पार्टी गरीबों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने में विफल रही, जबकि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनकल्याण को नई दिशा दी है।महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों गरीब परिवारों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष ने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नेता अनुरंजन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक देवेश कांत सिंह, कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, मनोज कुमार सिंह, ओमप्रकाश यादव, राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, नंद प्रसाद चौहान, लालबाबू कुशवाहा, मुकेश सिंह कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

## शहजाद हत्याकांड में पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, दी गई आर्थिक मदद



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड के शिवराजपुर निवासी शहजाद अली की 30 मई को हुई निर्मम हत्या के बाद 16 जून की शाम कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के स्वजनों से मिलने उनके आवास पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के पिता कयामुद्दीन शाह से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में महाराजगंज पूर्वी क्षेत्र कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जवाहर भाई, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद, गोरेयाकोठी प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव लाल कुशवाहा, संतोष पांडेय, साजिद बारी, सेवा दल के जिलाध्यक्ष लालबाबू खरवार, अरविंद यादव, विकास कुमार यादव, मोहम्मद कैफ सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के पिता से प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली और मामले की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। इस दौरान डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने थानाध्यक्ष छोटन कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर मुख्य आरोपित की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर टीम एहतेशाम के सौजन्य से डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने मृतक के पिता क्यामुद्दीन शाह को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने शहजाद अली के बड़े पुत्र की शिक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए घोषणा की कि हाई स्कूल तक की पढ़ाई, यूनिफार्म, कापी-किताब एवं अन्य शैक्षणिक खर्च टीम एहतेशाम द्वारा वहन किए जाएंगे। डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बंधक बनाकर बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर देना सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में बढ़ती नफरत और असहिष्णुता का प्रतीक हैं, जिसके विरुद्ध सभी वर्गों को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष जवाहर भाई ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को न्याय और राहत प्रदान करने संबंधी मांगपत्र सौंपा है।

## सहयोग शिविर के अंतिम दिन 37 आवेदनों का निष्पादन

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित सहयोग सह कल्याण शिविर के अंतिम दिन गुरुवारको विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में राजस्व विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, आपूर्ति सहित अन्य विभागों में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे।राजस्व विभाग में भूमि विवाद, परिमार्जन, जमाबंदी सुधार एवं भूमि मापी से संबंधित कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी सरफराज अहमद ने बताया कि इनमें से आठ मामले को जांच के लिए भेज दिया गया है तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उनका निष्पादन किया जाएगा। शिविर के दौरान बालापुर पंचायत के भीमपुर निवासी सिंहासन पंडित के पांच वर्षों से लंबित जमाबंदी सुधार मामले का आन-द-स्पाट समाधान किया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी सरफराज अहमद ने स्वयं जमाबंदी सुधार पंजी की प्रति आवेदक को सौंपकर उन्हें राहत प्रदान की। अंचलाधिकारी ने बताया कि आवेदक सिंहासन पंडित, चंद्रदेव पंडित, ब्रह्मदेव पंडित एवं जगदीश पंडित चार भाई हैं। हालांकि जमाबंदी में केवल तीन भाइयों का नाम दर्ज था, जबकि छोटे भाई जगदीश पंडित का नाम नहीं था। इस त्रुटि के कारण परिवार पिछले पांच वर्षों से परेशान था। शिविर में आवेदन प्राप्त होने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों भाइयों के नाम से जमाबंदी का सुधार कर दिया गया। जमाबंदी सुधार होने पर आवेदक सिंहासन पंडित ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा संचालित सहयोग शिविर अभियान की सराहना की।सामाजिक सुरक्षा विभाग में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश बंद पड़ी पेंशन योजनाओं से संबंधित थे।

## शहाबुद्दीन अंसारी बने कांग्रेस के बड़हरिया प्रखंड अध्यक्ष



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बड़हरिया प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं भलुआड़ा पंचायत के पूर्व सरपंच शहाबुद्दीन अंसारी को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुशील यादव, ध्रुप यादव, जवाहर राम, शहाबुद्दीन शाह, संजय रानीपुरी, कांग्रेस नेता शमीम अहमद खान, प्रो. तारिक सुजा, जय राम पर्वत सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि शहाबुद्दीन अंसारी लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। उनके नेतृत्व में बड़हरिया में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की जनाधार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के बीच कांग्रेस के प्रति विश्वास और जुड़ाव को मजबूत करने में शहाबुद्दीन अंसारी का अनुभव पार्टी के लिए लाभदायक साबित होगा। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रखंड स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी और कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर पहुंचे संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख, प्रचार-प्रसार गतिविधियों का किया अवलोकन




**दैनिक खोज खबर/सिवान।** वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सारण विभाग के व्यवस्था प्रमुख श्री ओमप्रकाश गुप्त ने अपने प्रवास के क्रम में गुरुवार को सिवान के महावीरपुरम स्थित महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में संचालित विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार केंद्र कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रचार-प्रसार विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।मीडिया सेंटर पहुंचने पर प्रचार-प्रसार विभाग की ओर से श्री गुप्त को अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीडिया सेंटर के समन्वयक नवीन सिंह परमार ने उन्हें विद्या भारती मीडिया सेवा के माध्यम से संचालित विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों एवं मीडिया संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य कमलेश नारायण सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह तथा मीडिया सेंटर के कार्यालय सहायक सचिन कुमार पर्वत भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री ओमप्रकाश गुप्त ने कहा कि विद्या भारती के प्रचार-प्रसार विभाग की गतिविधियों को निकट से देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी संस्थान की सुदृढ़ता एवं प्रभावशीलता में उसके प्रचार-प्रसार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संस्थान के विचार, कार्य एवं उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने में प्रचार-प्रसार विभाग एक सशक्त सेतु का कार्य करता है।

## डीएम ने डिग्री कालेज की चयनित भूमि का किया निरीक्षण

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कालेज खोलने के प्रयास कोभगवानपुर हाट प्रखंड के सारीपट्टी गांव स्थित पूर्व से अन्य अधिकारियों द्वारा चिह्नित भूमि का गुरुवार को जिलाधिकारी विवेक कुमार मैत्रेय ने अनुमंडल पदाधिकारी अनीता सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पांच एकड़ भूमि पर डिग्री कालेज की स्थापना को ले बीते दिनों अंचलाधिकारी द्वारा पैमाइश कर रेखांकित किया था । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भूमि के नेचर की वस्तु स्थिति की जानकारी ली तथा आवागमन , प्रखंड व थाना मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दूरी की तथा मुख्य मार्ग एनएच 331 से दूरी के अलावा एक लाख बत्तीस हजार वोल्ट के बिजली के प्रवाहित हो रहे तार को ले प्रश्न किया । उन्होंने कहा कि हाई वोल्टेज वाला तार भूमि के किनारे से प्रवाहित होता है, जो सुरक्षा के लिए विचारणीय है । उन्होंने इस संबंध ने अनुमंडल पदाधिकारी अनीता सिन्हा से भी राय मशविरा किया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी धीरज कुमार पांडेय ने रेखांकित भूमि का नजरी नक्शा जिलाधिकारी के समक्ष रखा । इस अवसर हल्का कर्मचारी कैलाश मंडल , अमीन के अलावा ग्रामीण सह जागरण पंचायत क्लब मनींद्र सिंह , बिट्टू सिंह , बबन महतो, रमेश सिंह बुलेट , रजनीश कुमार , ओमकेश कुमार आदि पहुंच डिग्री कालेज खोलने के लिए प्रसन्नता जाहिर की ।

## शिविर में पहुंचे विधायक ने कई सुविधाओं का किया उद्घाटन

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को आयोजित प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में विधायक देवेशकांत सिंह ने कई सुविधाओं का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डा.अभय कुमार सहित स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक ने लोगों की सुविधाओं के लिए बने हेल्प डेस्क, सभागार कक्ष का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण, आरओ प्लांट व सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन कर उसे लोगों के लिए उपलब्ध कराया। बीडीओ ने बताया कि हेल्प डेस्क पर दो कर्मियों की तैनाती भी कर दी गई है। पहले प्रखंड कार्यालय में काम के सिलसिले में आये लोगों को भटकना पड़ता था। अब उन्हें सहायता केन्द्र से ही सारी जानकारी मिल जाएगी। हेल्प डेस्क काउंटर पर बीडीओ ने अपना संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया है। इसका मकसद है कि विशेष परिस्थितियों में लोग सीधे भी उनसे संपर्क स्थापित कर सकें। शिविर में विधायक ने पुरंदरपुर गांव के नौ बांसफोड़ भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा दिया। जमीन का पर्चा मिलने पर उनके चेहरों पर खुशी देखी गई।

## नगर पंचायत के.सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**महाराजगंज (सिवान)।** नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की दो दिनों से जारी हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बहाल होने लगी है और इससे नगरवासियों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सफाईकर्मी पिछले दो दिनों से हड़ताल पर थे। हड़ताल के कारण नगर क्षेत्र के कई वार्डों में सफाई कार्य प्रभावित हुआ था तथा कूड़ा-कचरे का उठाव भी बाधित हो गया था।

## परीक्षा में फर्जीवाड़े की खबर प्रसारित मामले में सीसी कैमर की हुई जांच, नहीं मिला कोई तथ्य

**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा में फर्जीवाड़े की खबर प्रसारित होने के मामले में 17 जून को पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने परीक्षा केंद्रों की जांच की। वहीं सीसी कैमरा फुटेज के अवलोकन किया गया। जांच के दौरान ऐसे में किसी भी तथ्य की पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि कुछ कथित न्यूज़ चैनलों द्वारा यह खबर प्रसारित की जा रही थी कि जिलान्तर्गत 17 जून को केंद्रीय चयन पर्षद, बिहार द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान संघमित्रा पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर तैनात बायोमेट्रिक कर्मियों द्वारा कुछ परीक्षार्थियों को नकल के पुर्जे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में प्राप्त सूचना के उपरांत मेरे द्वारा तत्काल परीक्षा केंद्र पहुंचकर अभ्यार्थियों से बात की गई तथा केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट से जानकारी प्राप्त की गई। केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त समाचार को भ्रामक एवं निराधार बताया गया है। परीक्षा समाप्ति उपरांत मेरे के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-वन, थानाध्यक्ष मुफ्फसिल थाना एवं तकनीकी शाखा प्रभारी के साथ टीम गठित कर सीसी कैमरा फुटेज का गहन अवलोकन किया गया।

## पुलिस दबिश में फरार आर्म्स एक्ट के अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**महाराजगंज (सिवान)।** पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के कारण महाराजगंज थाना कांड के एक फरार अभियुक्त ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि लगातार कार्रवाई और दबाव के कारण मामले में नामजद अभियुक्त दरौदा थाना क्षेत्र के भीखाबांध निवासी बुलेट यादव बुलेट यादव ने बुधवार को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बताया गया कि 17 नवंबर 2025 को महाराजगंज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के इंदौली कलेक्ट्रीक पोखरा स्थित पीपल के पेड़ के चबूतरे के पास कुछ बदमाश किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं।

## सीवान शहर के महादेवा में बिजली के तार से बाइक में लगी आग

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में गुरुवार रात करीब दो बजे बिजली के तार में आग लगने से एक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी, हेल्पलाइन और जिला प्रशासन भी लोगों की पुकार सुनने में विफल रहा। पीड़ित सूरज मिश्रा ने बताया कि रात करीब दो बजे अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकलने लगी और देखते ही देखते तार धधकने लगा। मोहल्ले के लोगों ने तत्काल बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर, कार्यपालक अभियंता, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर को बार-बार फोन किया, लेकिन किसी ने काल रिसीव नहीं किया। आरोप है कि लोगों ने डायल-112 और जिला पदाधिकारी के सरकारी मोबाइल तथा हेल्पलाइन नंबर पर भी दर्जनों बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिली। इसी बीच जलता हुआ तार टूटकर नीचे खड़ी बाइक पर गिर गया और बाइक आग की लपटों में घिर गई। स्थिति और भयावह इसलिए थी क्योंकि बाइक के पास दो कारें खड़ी थीं तथा बाइक की टंकी में पेट्रोल भी भरा हुआ था। यदि आग फैलती तो पूरा मोहल्ला बड़ी दुर्घटना की चपेट में आ सकता था। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन बिजली प्रवाहित होने के कारण कर्मियों ने आग बुझाने से असमर्थता जताई। मोहल्ले के कुछ लोग बिजली कटवाने के लिए पावर हाउस तक पहुंचे, लेकिन वहां भी सहयोग मिलने के बजाय उन्हें फटकार कर लौटा दिया गया। मजबूर होकर स्थानीय लोगों ने खुद बालू और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर बाद महादेवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इस संबंध में महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजी गई थी। पीड़ित ने बिजली के पदाधिकारी के खिलाफ थाना में आवेदन दिया है, जांच कर प्राथमिकी की जाएगी।

## सीवान के महादेवा पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** महादेवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के रामदेव नगर निवासी विशाल कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक कट्टा व एक गोली को बरामद किया है। इसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनित विनायक ने बताया कि17 जून की रात्रि करीब 11:50 बजे महादेवा थाना को गुप्त सूचना मिली की महादेवा थाना कांड संख्या-862/25 के वांछित अभियुक्त विशाल कुमार अवैध हथियार के साथ सलेमपुर महादेवा मिशन छठ घाट के पास है और कोइ आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महादेवा थाना पुलिस टीम बताये हुए जगह पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर अभियुक्त भागने का प्रयास किया जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में व्यक्ति के पास से एक कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अपना नाम विशाल कुमार बताया। इस संबंध में महादेवा थाना अन्तर्गत धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अबतक का ज्ञात अपराधिक इतिहास में महादेवा थाना कांड संख्या-862/25 है। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अन्य अपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सटीक डाटा से मजबूत होगा टीकाकरण अभियान

**सिवान।** जिले में टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय संवेदनशीलता एवं परामर्श कार्यशाला का सदर अस्पताल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत उपस्थित अधिकारियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह कार्यशाला जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मजबूत टीकाकरण डाटा प्रणाली के बिना सही योजना निर्माण, प्रभावी निगरानी तथा सटीक निर्णय लेना संभव नहीं है। कार्यक्रम में जेएसआई आरएंडटी इंडिया फाउंडेशन की प्रतिनिधि पंकज डेका तथा उनकी टीम की उपस्थिति रहीं। कार्यशाला के आयोजन एवं तकनीकी सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का भी आभार व्यक्त किया गया। मास्टर ट्रेनर पंकज डेका ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को टीकाकरण से जुड़े डाटा प्रबंधन की स्पष्ट समझ प्रदान करना तथा विभिन्न रिपोर्टिंग पोर्टलों पर डाटा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली , यू-विन, ई-विन तथा अन्य सभी रिपोर्टिंग प्रणालियों में उपलब्ध डाटा सटीक, पूर्ण, समय पर दर्ज और एकरूप होना चाहिए। सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने निर्देश दिया कि मासिक समीक्षा बैठकों में डाटा आधारित चर्चा को प्राथमिकता दी जाए तथा कार्यशाला में बताए गए उपकरणों और प्रक्रियाओं का उपयोग कर टीकाकरण कार्यक्रम के डाटा को और अधिक मजबूत बनाया जाए। कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. अरविंद कुमार, आईडीएसपी के मेडिकल आफिसर डा. विकास कुमार, डा. अमजद खान, मनोज कुमार, शम्स तबरेज़ एवं अशोक कुमार शर्मा उपस्थित थे।

## हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तारी

**सिवान।** महादेवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के रामदेव नगर निवासी विशाल कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक कट्टा व एक गोली को बरामद किया है। इसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनित विनायक ने बताया कि17 जून की रात्रि करीब 11:50 बजे महादेवा थाना को गुप्त सूचना मिली की महादेवा थाना कांड संख्या-862/25 के वांछित अभियुक्त विशाल कुमार अवैध हथियार के साथ सलेमपुर महादेवा मिशन छठ घाट के पास है और कोइ आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महादेवा थाना पुलिस टीम बताये हुए जगह पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर अभियुक्त भागने का प्रयास किया जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में व्यक्ति के पास से एक कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अपना नाम विशाल कुमार बताया। इस संबंध में महादेवा थाना अन्तर्गत धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अबतक का ज्ञात अपराधिक इतिहास में महादेवा थाना कांड संख्या-862/25 है। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अन्य अपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।